वाणिज्य भवन और निर्यात पोर्टल

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **वाणिज्य भवन** का उद्घाटन किया और साथ ही **निर्यात (NIRYAT) पोर्टल** का शुभारंभ किया।

वाणिज्य भवन

- वाणिज्य भवन, **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (Ministry of Commerce and Industry) का नया परिसर** है।
- इंडिया गेट के पास निर्मित, वाणिज्य भवन का **उपयोग मंत्रालय के अधीन दो विभागों** यानी **वाणिज्य विभाग** और **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग** (Department of Commerce and the Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) द्वारा किया जाएगा।

निर्यात पोर्टल

- निर्यात (NIRYAT) का पूरा नाम **राष्ट्रीय आयात-निर्यात वार्षिक व्यापार विश्लेषण रिकॉर्ड (National Import-Export Record for Yearly Analysis of Trade)** है।
- इसे भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी **आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु हितधारकों के लिये वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित** किया गया है।
- भारत ने वर्ष 2021 में कुल 670 बिलियन अमरीकी डालर (लगभग 50 लाख करोड़ रुपए) का निर्यात किया। निर्यात किसी भी देश की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vanijya-bhawan-and-niryat-portal